कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.ac.in
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 24.01.2026

/प्रेस विज्ञप्ति/

कन्या महाविद्यालय में

# निराला जयंती एवं बसंत पंचमी का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर, महाविद्यालय दुर्ग के हिन्दी विभाग द्वारा वसंत पंचमी के अवसर पर निराला जयंती का आयोजन किया गया। इस अवसर प्राचार्य डॉ0 रंजना श्रीवास्तव ने कहा- कि वसंत पंचमी ऋतुओं के परिवर्तन का पर्व है। यह पर्व छात्राओं, कलाकारों और साहित्यकारों के लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि विद्या की देवी माँ सरस्वती का यह अवतरण दिवस है। उन्होंने निराला जी के साहित्यिक अवदान पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को साहित्य के सृजन व अध्ययन के लिए प्रेरित किया। डॉ0 सुषमा यादव ने कहा- कि वसंत पंचमी के आगमन पर प्रकृति का कण-कण खिल उठता है, वातावरण में एक नई चेतना की संचार होता है। हमें इस ऊर्जा का अपने जीवन में प्रयोग करना चाहिए। यह पर्व प्रकृति के साथ जुड़ाव व सकारात्मक जीवन शैली का संदेश देता है। श्रीमती ज्योति भरणे, सहायक प्राध्यापक, हिन्दी ने कहा-कि निराला का जीवन तत्कालीन जीवन व जगत की विविधता से भरा है जिसमें क्रांतिकारी विचारों की ज्वाला धधक रही है, तो पुरानी रूढ़ियों एवं परम्पराओं के विनाश का तीव्र स्वर भी है। पूंजीपतियों द्वारा मजदूरों के शोषण की चीख पुकार है। इस अवसर पर कविता मालेकर, आर्या अवस्थी, हीना पाल, हुनेश्वरी, पृथ्वी ढीमर, सुमन यादव, मान्या तिवारी आदि छात्राओं ने वसंत पंचमी से महत्व व निराला जी के व्यंतिव, कृतित्व पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर डॉ0 मुक्ता बाखला, डॉ0 मोनिया राकेश आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सुनीता तिवारी तथा आभार डॉ0 यशेश्वरी ध्रुव, पदोन्नत प्राध्यापक, हिन्दी ने किया।

*समाचार के रूप में प्रकाशन हेतु निवेदित।*

(डॉ0 रंजना श्रीवास्तव)
प्राचार्य
शास0 डॉ0 वा0 वा0 पाटणकर कन्या
स्नातकोत्तर महाविद्यालय, दुर्ग (छ0ग0)

निराला जयंती एवं बसंत पंचमी का आयोजन




